Sri Arvind Mahila College, Patna

Accredited by NAAC with B+ Grade

(A Constituent Unit of Patliputra University, Patna)

Organizing Department: Department of Political Science

Discussion on Social Consciousness of Sri Karpoori Thakur

30.01.2024

दिनांक 30/01/2024 को जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी के अवसर पर श्री अरविंद महिला कॉलेज , पटना के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 'श्री कर्पूरी ठाकुर की सामाजिक चेतना' विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो साधना ठाकुर ने छात्राओं को समाजवादी नायक श्री कर्पूरी ठाकुर के विचारों से अवगत कराया और उनके सादगी भरे जीवन को अपनाने की प्रेरणा दी। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ललन कुमार ने छात्राओं को उनके विचारों को बताते हुए अधिक से अधिक संख्या में छात्राओं को परिचर्चा में भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ विनय कुमार ने छात्राओं को श्री कर्पूरी ठाकुर के द्वारा शोषित और पीड़ित वर्ग के लिए किए गए कार्यों को बताया और छात्राओं को न सिर्फ उनके कार्यों को जानने बल्कि अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए भी कहा। इस अवसर पर श्री राजीव शंकर सिन्हा , डॉ सपना बरुआ , डॉ सुप्रीता सुमन और छात्राओं ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। परिचर्चा में बेहतर प्रस्तुति के लिए आस्था रंजन , मोनी कुमारी, रूबी प्रवीण तथा प्रियंका कुमारी को पुरुस्कृत किया गया। साथ ही गांधी जी की पुण्य तिथि के अवसर पर उनके विचारों को याद करते हुए उन्हें भजनों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के अंत में विभाग द्वारा कर्पूरी ठाकुर और गांधी के विचारों और सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए महाविद्यालय के सफाई कर्मियों के बीच ऊनी कपड़ों का दान किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के विभिन्न विभागों के शिक्षक और छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित रहे।

स्वभाव में सादगी बनाएगी जीवन को सफल

जागरण संवाददाता, पटना : अरविंद महिला कालेज में मंगलवार को कर्पूरी ठाकुर की जन्म शताब्दी पर राजनीति विज्ञान के विभाग द्वारा 'कर्पूरी ठाकुर की सामाजिक चेतना' विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष साधना ठाकुर ने छात्राओं को कर्पूरी ठाकुर के विचारों से अवगत कराया। प्राचार्य ललन कुमार ने छात्राओं को परिचर्चा में भागीदारी लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय कुमार ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने शोषित और पीड़ित वर्ग की मदद की थी। छात्राओं को उनसे प्रेरणा लेकर उनके विचारों को अपने जीवन में लाना चाहिए। परिचर्चा में बेहतर प्रस्तुति के लिए आस्था रंजन, मोनी कुमारी ,रूबी प्रवीण और प्रियंका कुमारी को पुरस्कृत किया गया।

परिचर्चा में उपस्थित कालेज की छात्राएं व प्राध्यापक • जागरण

कर्पूरी ठाकुर के स्वभाव से मेल खाते गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। गांधी जी द्वारा गाए भजनों से उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। अंत में कर्पूरी ठाकुर और गांधी जी के सिद्धांतों और विचारों को दर्शाते हुए महाविद्यालय के सफाई कर्मियों और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ऊनी कपड़े दान किया गया। इस कार्यक्रम में कालेज के विभिन्न विभागों के शिक्षक और छात्राएं उपस्थित रहीं।

परिचर्चा में छात्राओं को किया गया सम्मानित

श्रीअरविंद महिला कॉलेज

संवाददाता, पटना

जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्म शताब्दी के अवसर पर श्रीअरविंद महिला कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से परिचर्चा का आयोजन किया गया. इसका विषय कर्पूरी ठाकुर की सामाजिक चेतना था. कॉलेज के प्राचार्य प्रो ललन कुमार ने छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में परिचर्चा में भागीदारी करने के लिए प्रोत्साहित भी किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ विनय कुमार ने छात्राओं को कर्पूरी ठाकुर के द्वारा शोषित और पीड़ित वर्ग के लिए किये गये कार्यों को बताया. इस अवसर पर राजीव शंकर सिन्हा, डॉ सपना बरुआ, डॉ सुप्रीता सुमन और छात्राओं ने अपने-अपने विचारों का रखा. परिचर्चा में बेहतर प्रस्तुति के लिए आस्था रंजन, मोनी कुमारी, रूबी प्रवीण और प्रियंका कुमारी को पुरस्कृत किया गया. साथ ही गांधी जी की पुण्य तिथि के अवसर पर उनके विचारों को याद करते हुए उन्हें भजनों के माध्यम से श्रद्धांजलि दी गयी. महाविद्यालय के सफाई कर्मियों के बीच ऊनी कपड़ों का दान किया गया.